# A New Beginning !



CABBZ
safety • reliability • comfort

## Club Class Experience at Affordable Price !
## World Class Branding Opportunity



कॅब्ज
सुरक्षीत • भरोसेमंद • कंफर्टेबल

# CABBZ HUB PROFILE

A. S. Infra-Tech Pvt. Ltd.

# Just Join CABBZ !

## A personalized Chartered CABBZ

Club class experience at normal price.
+ Great Benefits and freebies



**CHARTERED CABBZ MANAGERS ( Drivers ) FAQ's in Hindi.**

ड्राइवर भाइयों के लिए हम एक अच्छी और उमदा योजना लेके आए हैं। इस योजना के अन्तर्गत आपको अपने नाम पर नया घर (प्रधान मंत्री अवास योजना के अंतर्गत) और चलाने के लिए नई गाड़ी मिल रही है। इस योजना को हमने "रोज़ी रोटी, कपड़ा और मकान" के आधार पर बनाया है।
आपके मन में आने वाले सवालों के जवाब कुछ ऐसे है।

१. मेरा घर कहां होगा?

आपको मुंबई में एम एम आर डी ए के क्षेत्र में, पुणे में पी एम आर ए पुणे क्षेत्र में, नाशिक में एन एम आर ए क्षेत्र तथा नागपुर में नागपुर रीजन क्षेत्र में घर मिलेगा।

२. घर कितना बड़ा होगा?

लगभग ३००/४०० स्क्वेयर फीट।

३. बिल्डर कौन है?

मुंबई के नामचीन बिल्डर होंगे जिनके साथ कंपनी घर के लिये करार करेगी। साथ ही में पुणे, नाशिक, नागपुर क्षेत्र के नामचीन बिल्डरों के साथ कंपनी ने करार किया है।

४. घर के लिए डाउन पेमेंट कितना करना होगा?

मामूली रकम साइनिंग राशि आपको देनी है।

५. अगर ये राशि मै नहीं जुटा पाया तो?

प्रधान मंत्री के छोटे उद्योजको के लिए अलग से लोन की व्यवस्था की गई है। हम आपको उसके अन्तर्गत राशि उपलब्ध कराएंगे।

६. मुझे नए घर के लिए कितना लोन मिलेगा?

वो आपके सिबिल स्कोर पर निर्भर है।

७. मुझे कौनसे बैंक से लोन मिलेगा?

आपके सिबिल स्कोर ही निर्धारित करेगा कि आपको लोन कौनसी बैंक देगी।

८. लोन की कुल राशि कितनी होगी?

घर के हिसाब से ८५% लोन मिलेगा।

९. लोन कितने साल के लिए रहेगा?

२० साल और ऊपर कि अवधि होगी।

१०. लोन के ब्याज का दर क्या है?

आर बी आई के नियमों के अनुसार ब्याद दर लागू होगा।

११. मुझे इतने सारे डॉक्युमेंट्स क्यूं देने होंगे?

आपको आधार कार्ड, पैन कार्ड, आपकी बैंक का पासबुक और एक साल का बैंक स्टेटमेंट देना होगा। यह सब देने के बाद ही आपके लोन की प्रक्रिया पूरी होगी। यह सब आपके पहचान पत्र के लिए भी जरूरी है।

१२. नए मकान जहां बन रहे हैं क्या मै वो जगह देख सकता हूं?
जी हां। आप सबको एक ग्रुप बनाकर वहां भेजा जाएगा।

१३. नए घर की मासिक ई एम आई कितनी होगी?
रोजाना आपके ₹ ६५८/- जमा होंगे।

१४. अगर किसी कारणवश मै ई एम आई नहीं भर पाया तो?
हम पहले से ही ऐसी व्यवस्था करेंगे की आपकी तीन महीने की ई एम आई कि राशि एक अलग से खाते में जमा रहेगी। हम घर के लिए गए लोन का भी बीमा करवाएंगे ताकि अगर कोई आपातकालीन परिस्थिति हो गई तो उस बीमे की राशि से घर का लोन चुकता होगा और दूसरे बीमे की रकम ड्राइवर के घरवालों को मिल जाएगी। इससे उसका घर सुरक्षित रहेगा।

१५. अगर मुझे घर नहीं लेना है, तो क्या मै इस योजना में भाग ले सकता हूं?
नहीं। इस योजना का हिस्सा होने के लिए आपको घर लेना ज़रूरी है।

१६. अगर मुझे सिर्फ घर चाहिए लेकिन मै गाड़ी नहीं चलाना चाहता हूं, क्या मै इस योजना का लाभ ले सकता हूं?
जी नहीं। यह योजना सिर्फ उनके लिए बनाई गई है जिनको घर और गाड़ी चाहिए।

## *गाड़ी से जुड़े प्रश्नों के उत्तर:*

१. नई गाड़ी के लिए मुझे कितने पैसे देने पड़ेंगे?
आपको ५०००/- ₹ भरने होंगे जो शिफ्ट एग्रीमेंट के लिए लिया जाएगा। इसके अलावा आपको ₹३५००/ भरने होंगे जो आपके डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग फीस है।

२. गाड़ी किसके नाम पे रहेगी?
गाड़ी कंपनी के नाम पर रजिस्टर होगी।

३. मुझे गाडी चलाने के लिये हर महीने कितनी तनख्वा मिलेगी?
इस योजना में आपको कंपनी के साथ कॉन्ट्रैक्ट करना पड़ेगा। आपको गाड़ी चलाकर जो रोज की कमाई होती है वह पूरी की पूरी आपके खाते में जमा हो जाती है।

४. योजना से जुड़ने के लिए मुझे कितने पैसे भरने पड़ेंगे?

रजिस्ट्रेशन के वक्त आपको ₹ ३०००/- भरने होंगे जो आपके डॉक्युमेंट्स के लिए खर्च होंगे। यह राशि नॉन रिफंडेबल है। आपका चयन होने पर ₹ १००००/- भरने होंगे।

५. शिफ्ट चलाने के समय कौन तय करेगा?

कंपनी के नियुक्त किए गए अधिकारी इसका निर्णय लेंगे। शिफ्ट के समय की आपको अग्रिम सूचना दी जाएगी।

६. गाड़ी का मेंटनेंस कौन करेगा?

कंपनी करेगी। हमने गाड़ी उत्पादकों से करार किया है, जिसके अनुसार गाड़ी की पूरी मरम्मत वहां होगी।

७. क्या कॉन्ट्रैक्ट समाप्त होने पर मै गाड़ी खरीद सकता हूं?

कॉन्ट्रैक्ट के समाप्त होने पर गाड़ी दोनों ड्राइवरों के नाम की जाएगी। हमारी कोशिश ये है कि पुरानी गाड़ी के बदले में ड्राइवरों को नई गाड़ी दिलवाई जाए।

८. अगर मुझे गाड़ी नहीं चाहिए तो?

आपके पास विकल्प है कि गाड़ी आप दूसरे ड्राइवर के नाम कर दे और उससे ५०% गाड़ी की कीमत ले। आप गाड़ी को मार्केट में बेच के मिलने वाली राशि आधी आधी दोनों ड्राइवरों में ले सकते हो।

९. गाड़ी का बीमा कौन करेगा?

कंपनी करेगी।

१०. मुझे भाड़ा कैसे मिलेगा?

कंपनी अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेगी की आपको ज्यादा से ज्यादा भाड़ा मिले। इसके अलावा ड्राइवर का भी फ़र्ज़ बनता है कि वो कड़ी मेहनत करें और ज्यादा से ज्यादा बिजनेस करें।

११. अगर मै अग्रिम ई एम आई नहीं जुटा पाया तो?

योजना ऐसे बनाई गई है कि ऐसी स्थिति निर्माण नहीं होगी। लेकिन अगर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो कंपनी आपको सहायता दिलवाने का प्रयास करेगी।

१२.   उद्योग/उद्यम पंजीकरण क्यूं करना है?

इस पंजीकरण से आपको सरकार के द्वारा आपके लिए बनाई गई अनेक योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

१३.   इस योजना अन्तर्गत मुझे और क्या लाभ मिलेंगे?

आपको जीवन बीमा, ऐक्सिडेंट बीमा, घर के लोन का बीमा और पूरे परिवार के लिए मेडिक्लेम जैसी सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा आपका संगठन बनाकर घर में लगने वाले सामान को सस्ते दर में आपको उपलब्ध कराया जा सकता है।

१४.   यूनिफॉर्म कौन देगा?

कंपनी

१५.   कितने यूनिफॉर्म मिलेंगे?

चार

१६.   क्या मेरी आमदनी अच्छी होगी?

पूरा खर्चा निकालने के बाद भी आपको अच्छी खासी आमदनी होगी।

१७.   मुझे इस सब के लिए कंपनी को कितने पैसे देने होंगे?

सिर्फ ₹ १००/- प्रति शिफ्ट।

१८.   मेरे भरे हुए पैसे कहां जा रहे हैं?

इसका पूरा ब्योरा आपको दिया है।

१९.   इससे कंपनी का क्या फायदा होगा?

कंपनी अपने लिए अच्छा नाम कमाएगी और ब्रांडिंग के माध्यम से मुनाफा कमाएगी।

२०. क्या हमको ट्रेनिंग दी जाएगी?

हां

२१. मेरी पुरानी गाड़ी का क्या होगा?

आपको उसे बेच कर उस राशि को बिल्डर के यहां जमा करना है। इससे आपके घर के लोन की राशि थोड़ी कम होगी।

२२. क्या कंपनी मुझे मेरी पुरानी गाड़ी बेचने के लिए मदत करेगी?

नहीं। हम सिर्फ आपको राय दे सकते हैं।

२३. क्या मुझे पुरानी गाड़ी के बदले में नई गाड़ी मिलेगी (एक्सचेंज ऑफर)?

हां। आप अपनी पुरानी गाड़ी बेचकर उस राशि को घर और गाड़ी के डाउन पेमेंट के लिए जमा कर सकते हैं।

* घर और गाड़ी के नियम समय समय पर बदले जा सकते हैं। बदले हुए नियम कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे।




# “CABBZ WITH HOME”

## Taxi Transformation and Financial Empowerment program!